प्रेस नोट थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के ऑपरेशन तलाश/घर वापसी के तहत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता को सकुशल किया गया बरामद....

दिनांक 09.07.2021 को नीरज कुमार निवासी विजय विहार कालोनी थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा द्वारा थाना जगदीशपुरा पर तहरीर दी गयी कि मेरी बेटी उम्र करीब 13 वर्ष बिना बताये घर से कहीं चली गयी है। इस सम्बन्ध में थाना जगदीशपुरा पर मु0अ0सं0 415/21 धारा 363 भादवि पंजीकृत किया गया।

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के ऑपरेशन तलाश/घर वापसी के तहत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व में एवं क्षेत्राधिकारी लोहामण्डी के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जगदीशपुरा को टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में गुमशुदा/अपहर्ता की तलाश हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुरा श्री राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा मय गठित पुलिस टीम के, सर्विलांस , सीसीटीवी कैमरे, फोटो, मुखबिर पूछताछ आदि के माध्यम से खोजबीन शुरू की गयी। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा के मोबाइल से लोकेशन को ट्रैस करते हुये लोकेशन की जानकारी महाबोधी एक्सप्रेस होने पर उ0नि0 श्री सुमनेश कुमार (पीआरओ व0पु0अ0 जनपद आगरा) द्वारा जीआरपी, आरपीएफ पुलिस टीम, रेलवे स्टेशन अलीगढ़, कानपुर सैण्ट्रल, स्थानीय पुलिस टीम आदि से समन्वय स्थापित कर, सभी पुलिस टीमों से लगातार सम्पर्क करते हुये तलाशी व सघन चैकिंग के उपरान्त अपहर्ता को रेलवे स्टेशन कानपुर सैण्ट्रल से सकुशल बरामद कर लिया गया।

➢ पूछताछ का विवरण

पुलिस टीम द्वारा सादा वस्त्रों में सहजता पूर्वक गुमशुदा से पूछताछ करने पर बताया गया कि ऑनलाइन गेम फ्री-फायर खेलने के दौरान मेरा सम्पर्क मंजीत नामक लड़के से हुआ। करीब 3-4 महीने तक चैटिंग के उपरान्त उसने मेरा मोबाइल नम्बर लेते हुये अपने साथ चलने के लिये कहा। मैं बहकावे में आकर रेलवे स्टेशन कैण्ट पहुँची जहाँ, मुझे मंजीत मिला। मंजीत मुझे लेकर दिल्ली गया जहाँ उसने अपने प्रान्त बिहार जाने वाली ट्रेन महाबोधी एक्सप्रेस में बिठा लिया। कानपुर सैण्ट्रल रेलवे स्टेशन से पुलिस टीम द्वारा मुझ ट्रेन से उतार लिया गया व मंजीत पुलिस टीम को देखकर भाग गया।

पुलिस टीम द्वारा किये गये अथक प्रयास से अपहर्ता को सकुशल बरामद करने पर परिजनों द्वारा पुलिस टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुये आगरा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

➢ पुलिस टीम का विवरण:-

01. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।
02. उ0नि0 श्री सुमनेश कुमार पीआरओ व0पु0अ0 जनपद आगरा।
03. उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।
04. है0कां0 आदेश त्रिपाठी सर्विलांस सेल जनपद आगरा।
05. है0कां0 कृपाल सिंह थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।
06. कां0 राजीव कुमार थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।
07. म0का0 अनामिका दीक्षित थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।